# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 02.04.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 02.04.2025 को वक्फ़ संसोधन विधेयक के लोकसभा में पेश होने के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना/चौकी प्रभारियों के साथ मीटिंग की गयी।

1.पुलिस अधीक्षक ने समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनता को यह समझाएं कि यह लड़ाई विधायिका में लड़ी जाय या फिर न्यायपालिका में, यह लड़ाई कार्यपालिका के क्षेत्राधिकार से बाहर है।

2. लोगो को यह भी सचेत कर दें कि यदि कोई इस लड़ाई को सड़को पर लड़ना चाहेगा या कानून व्यवस्था के लिए चुनौती उत्पन्न करेगा तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।
3. सभी अपने – अपने क्षेत्र के ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उन पर सतर्क दृष्टि रखे जो सामाजिक एवं साम्प्रदायिक सद्भाव के माहौल को बिगाड़ना चाहते है।
4. यह भी बताया गया कि सभी प्रकार की छुट्टिया निरस्त कर दी गयी है। सभी कर्मचारियों के नाइट आउट पास निरस्त किये जाते है।
5. पूरी जनशक्ति फील्ड में अथवा थाना/चौकी/पुलिस लाइन की बैरिकों में मौजूद रहेगी ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल मौजूद हो सके। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों की गाड़ियों में मौजूद लाउडहेलर, रस्सा, टार्च के साथ साथ हेलमेट, डण्डा, बॉडी प्रोटेक्टर, एण्टी राइटगन, टीयर गैस गन एवं टीयर गैस सेल आदि की चेकिंग की गयी तथा जो उपकरण अप टू द मार्क नही पाये गये उनको पुलिस लाइन से बदलने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया।
6. दिनांक 04.04.2025 को शुक्रवार की परेड में वल्बा ड्रील के पुनः रिहर्सल हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद,क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अजेय कुमार शर्मा, वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

(3). आज दिनांक 02.04.2025 को सूचना मिली कि अहमदगंज बेड़ी पुलिया रेलवे फाटक से 01 किलोमीटर कर्वी की तरफ दूरी पर पिलर संख्या 1384 11/12 के मध्य एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 55 से 60 वर्ष ट्रेन नंबर 11801 से टकराकर आत्महत्या कर लिया है, जिसकी मौके पर मृत्यु हो गई है। शव कमर से दो भागों में कटा हुआ है। रेलवे स्टेशन कर्वी से प्राप्त मेमो की सूचना पर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।
पहनावा- शर्ट-हल्का हरा रंग, लोअर- रंग हरा, गले में काले कलर का धागा
रंग- गेहूआ
चेहरा- सामान्य, बड़े ढाढ़ी व बाल रंग सफेद
शव की शिनाख्त/पहचान होने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करेः-
1.क्षेत्राधिकारी नगर मो0नं0 - 9454401356/9305101116
2.प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी मो0नं0 - 9454403205/9305101117
3.चौकी प्रभारी सीतापुर मो0नं0 9454403213,9305101081

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में थानाध्यक्ष महिला थाना नीलम देवी तथा उनकी टीम द्वारा गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया ।
उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.03.2025 को वादी श्री कालीकरन पुत्र शम्भू निवासी पतौड़ा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट द्वारा अपनी बहन व ससुरालीजन द्वारा कहा सुनी होने के कारण दिनाँक 26.03.25 से घर से कही चले जाने के सम्बन्ध में थाना विसण्डा में गुमशुदगी दर्ज कराकर खुद खोजबीन में निकलें । जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि दिनाँक 26.03.2025 से एक मुकवधिर महिला डायल 112 की सूचना पर महिला थाना कर्वी लायी गयी जिसे महिला

थानाध्यक्ष चित्रकूट द्वारा वन स्टॉप सेन्टर में आवासित कराया गया है। मौके पर जाकर देखा गया तो मेरी बहन है जिसे मैं सकुशल अपने घर ले जा रहा हूँ। गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर परिजन को सुपुर्द किया गया। अपनी बहन को पाकर भाई के चेहरे पर लौटी मुस्कान एवं पुलिस की सक्रियता के लिये धन्यवाद प्रकट किया।

**सुपुर्द करने वाली टीमः-**

1.थानाध्यक्ष महिला थाना नीलम देवी

2.म0उ0नि0 श्रीमती गीता देवी

2.महिला आरक्षी नीतू नायक

3.आरक्षी मनोज चौहान

4.आरक्षी तिलक राज

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अजहर जमाल व उनकी टीम द्वारा चोरी के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 03.02.2025 को वादी श्री गया प्रसाद पुत्र रामनेवाज निवासी डांडी मजरा रूकमा खुर्द थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट द्वारा थाना बहिलपुरवा में सूचना दिया गया कि दिनाँक 03.02.2025 को 1. राजकुमार पुत्र बैजू 2.मातादीन पुत्र राजकुमार निवासीगण डांडी मजरा रूकमा खुर्द थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट व विनोद पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम पथरा थाना नयागांव जनपद सतना मध्य प्रदेश द्वारा घर से सोने चांदी के जेवरात व नगद चोरी कर लेना। इस सम्बन्ध में मु0अ0सं0 05/25 धारा 305 BNS पंजीकृत किया गया तथा आरोपी राजकुमार पुत्र बैजू व मातादीन पुत्र राजकुमार निवासीगण डांडी मजरा रूकमा खुर्द थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को बरामदगी करते हुए दिनाँक 03.02.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आज दिनाँक 02.04.2025 मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित आरोपी विनोद यादव पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम पथरा थाना नयागांव जनपद सतना मध्य प्रदेश को गिरधार बाबा मोड़ के आगे देवांगना रोड पर वन विभाग पौधशाला के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री अजहर जमाल थाना बहिलपुरवा
2. आरक्षी मोनू राय

(6). आज दिनाँक 02.04.205 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में कोत0 कर्वी शहर क्षेत्र के धनुष चौराहा ,बस स्टैण्ड,पुरानी बाजार,घुस मैदान,काली देवी चौराहा,भगवानदीन चौराहा,लक्ष्मणपुरी एवं एलआईसी तिराहा आदि क्षेत्र के महत्वपूर्ण सार्वजनिक व संवेदनशील स्थानों एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर स्थानीय लोगो में सुरक्षित परिवेश का एहसास कराया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,महिला थानाध्यक्ष नीलम देवी,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह सहित समस्त कोत0 कर्वी पुलिस मौजूद रही।